श्री यशपाल पांचाल दूसरी बार निर्विरोध अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ अध्यक्ष चुने गए।

30 मार्च 2025 को अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा वडोदरा बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव दिनांक 25 मई 2025 को सर्वसम्मति से संपन्न हुआ ।

सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा को माल्यार्पण किया गया व दीप प्रज्वलित किया गया। पंडित प्रमोद कुमार धीमान द्वारा मंत्र उच्चारण और भगवान विश्वकर्मा जी की आरती के साथ पूजा कार्यक्रम संपन्न कराया।

16 अप्रैल 2025 को जारी परिपत्र के अनुसार प्रथम सत्र में राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय व आय व्यय का विवरण आमसभा की पुष्टि के लिए प्रस्तुत किया गया । आमसभा में उपस्थित सभी आजीवन सदस्यों द्वारा एक मत से पिछले कार्यकाल में लिए गए सभी निर्णयों व आय व्यय की पुष्टि की ।

पिछले 3 साल के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने अपने विचार रखे । वक्ताओं ने पिछले कार्यकाल के दौरान संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान, सरकार से किए गए पत्र व्यवहार,सदस्यता सूचियों को पूरा करना, राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में पिछली कार्यकारिणी द्वारा किए गए सामूहिक विवाह जैसे सामाजिक कार्यों के बारे में विचार रखें।

चुनाव में भाग लेने विभिन्न प्रदेशों से भारी संख्या में सदस्य दिल्ली पहुंचे। वक्ताओं में राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व श्री यशपाल पांचाल, वेदपाल पांचाल, अमन गॉड गुरुग्राम, ओमप्रकाश चितरोडे मध्यप्रदेश, जयंती भाई पांचाल वडोदरा, जगदीश पांचाल मुजफ्फरनगर, चंद्रकांत गवली महाराष्ट्र, राजू पंचाल गाजियाबाद, सुरेश पंचाल राऊ, सिंहराज पांचाल दिल्ली, रमेश पंचाल दिल्ली, आत्माराम पांचाल दिल्ली, जुगमंदर पांचाल दिल्ली, जीपी विश्वकर्मा सागर मध्य प्रदेश, सुभाष पांचाल फरीदाबाद, ओमप्रकाश पतंजलि बल्लमगढ़, देवेंद्र पांचाल पुंडरी हरियाणा, दिनेश पांचाल पूर्व अध्यक्ष माता सुंदरी ट्रस्ट राजस्थान, प्रीत पांचाल कोसीकला उत्तर प्रदेश व देवपाल धीमान उत्तराखंड प्रमुख रहे।

परिपत्र के अनुसार कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय और आय व्यय की पुष्टि के बाद चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की गई । श्री हरबीर सिंह पांचाल को चुनाव अधिकारी व श्री अशोक कुमार विश्वकर्मा को उनका सहयोग करने के लिए नियुक्त किया गया।

चुनाव अधिकारी की नियुक्ति के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी व सभी प्रदेश कार्यकारिणियों को भंग कर दिया गया उन्होंने अपने संबोधन में घोषणा की कि वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अगली व्यवस्था तक काम करते रहेंगे।

चुनाव अधिकारी द्वारा चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया और सभी से शांति और सहयोग की अपेक्षा की ताकि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूर्ण की जा सके। चुनाव अधिकारी ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरने का समय दिया। श्री हंसमुख भाई पांचाल दाहोद गुजरात ने अध्यक्ष पद के लिए श्री यशपाल पांचाल जी के नाम का प्रस्ताव रखा तथा श्री रमेश पंचाल उज्जैन मध्य प्रदेश द्वारा प्रस्ताव का समर्थन किया गया। श्री यशपाल पांचाल जी, प्रस्तावक व समर्थन करने वालों का हस्ताक्षरित नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी को दिया गया।

मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड व राजस्थान आदि प्रदेशों से आए सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर श्री यशपाल पांचाल जी के नामांकन का समर्थन किया ।

चुनाव अधिकारी द्वारा आधा घंटे का समय दिया गया जिसमें स्पष्ट किया गया कि यदि कोई दूसरा सदस्य नामांकन भरना चाहता है तो आधे घंटे में अपना नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी को दे यदि कोई नाम नहीं आता है तो आधा घंटे के बाद श्री यशपाल पांचाल जी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया जाएगा।

इस समय अवधि में कोई दूसरा नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी को नहीं मिला इसलिए चुनाव अधिकारी द्वारा श्री यशपाल पांचाल जी को सर्वसम्मति से निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर दिया गया। चुनाव की कार्यवाही शांतिपूर्ण व व्यवस्थित तरीके से संपन्न की गई।

उपस्थित सदस्यों ने बारी-बारी से फूलमालाओं द्वारा और पगड़ी पहनकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री यशपाल पांचाल जी का स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री यशपाल पांचाल जी ने अपने संबोधन में सभी सदस्यों द्वारा उनको दोबारा से सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के लिए आभार व्यक्त किया । उन्होंने सभी

को विश्वास दिलाया कि संगठन का काम पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी और लगन के साथ किया जाएगा शीघ्र ही वरिष्ठ सदस्यों से चर्चा कर राष्ट्रीय कार्यकारिणी व सभी प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी।

हरियाणा व मध्य प्रदेश से आए हुए सदस्यों द्वारा नए प्रदेश अध्यक्षों के नाम का सुझाव दिया गया। अध्यक्ष महोदय ने सुझाए गए नाम पर सहमति दर्शाई लेकिन साथ ही स्पष्ट किया की यहां किसी को भी नियुक्ति पत्र नहीं दिया जाएगा सभी प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति प्रदेश सदस्यों की उपस्थिति में प्रदेशों में जाकर ही की जाएगी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सभा का समापन किया गया।

श्री सुभाष पांचाल फरीदाबाद, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ द्वारा सभी आगंतुकों के लिए भोजन की बहुत ही सुंदर व्यवस्था की गई। इसके लिए सभी उपस्थित सदस्यों ने श्री सुभाष पांचाल फरीदाबाद का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद किया।

लेखराज पांचाल

पूर्व महामंत्री अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ